## सार-समाचार

### हीर चौबीसा ने लहराया परचम

**भीण्डर**, (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के सीबीएसई स्कूल राणा प्रताप इंग्लिश मीडियम स्कूल की 10 वीं कक्षा की छात्रा ने परिणाम में भीण्डर का परचम लहराया है। भीण्डर की हीर चौबीसा ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में 94.20 प्रतिशत अंक हासिल करके जिले में भीण्डर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हीर चौबीसा के पिता ललित चौबीसा टेलिकॉम बिजनेस में हैं तो वहीं माता गृहणी है। हीर चौबीसा ने अपनी सफलता के लिए स्कूल प्रबंधक व स्टॉफ का आभार व्यक्त किया। हीर चौबीसा ने कहा कि वर्षभर नियमित पढ़ाई और अनुशासन से ही सफलता मिली है। राणा प्रताप संस्थान के निदेशक डॉ. राजेन्द्र मेनारिया ने कहा कि हमारे क्षेत्र की बेटियां जब इस तरह सफलता प्राप्त करती हैं तो संस्थान के प्रत्येक सदस्य को गर्व की अनुभूति होती है। हमारा ये ही प्रयास हैं कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में राणा प्रताप संस्थान ज्यादा से ज्यादा काम में आएं।

### जैन साध्वी का मंगल प्रवेश

**कपासन**, (निसं)। जैन श्रमण संघीय महासाध्वी मधु कंवर और डॉ. चिंतन ने मंगलवार को कपासन में मंगल प्रवेश किया। संघ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिरोया ने बताया कि साध्वी जी ने भट्टों का बामनिया से विहार कर कस्बे में प्रवेश किया। श्रद्धालुओं ने राजेश्वर सरोवर तालाब की पाल पर साध्वीजी की अगवानी की। जय घोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। कस्बे में जुलूस के रूप में प्रवेश के बाद उन्हें अंबेश भवन में ठहराया गया है। साध्वी जी का यहां एक सप्ताह का प्रवास रहेगा। उनका चातुर्मास उदयपुर में निर्धारित है। इस अवसर पर राहुल हिंगड, अनिल बाफना, अविनाश दुगड, रतन चण्डालिया, कमलेश डांगी, कैलाश चण्डालिया, अभिषेक बाघमार और गजेंद्र ढीलीवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।जैन श्रमण संघीय महासाध्वी प्राची के साथ साध्वी देवांशी, साध्वी ब्रह्मी और साध्वी सुन्दरी जी भी ठाणा 4 अंबेश भवन में विराजमान हैं।

### पाकिस्तान का साथ देना तुर्की को पड़ा भारी

**उदयपुर**, (कासं)। मार्बल प्रोसेसर समिति की बैठक में उद्यमयों का निर्णय, बैठक में स्वेच्छा से तुर्की से तोड़े व्यापारिक रिश्ते, उदयपुर के मार्बल उद्यमी तुर्की से नहीं करेंगे मार्बल का आयात, जिले के 50 से अधिक उद्यमी तुर्की से करते हैं व्यापार, सालाना करीब 5 हजार करोड़ रुपए का होता है व्यापार, पीएम मोदी को पत्र लिख निर्णय से करवाया अवगत, उद्यमी बोले- भविष्य में भी राष्ट्रिहत रहेगा सर्वोपरि, समिति अध्यक्ष कपिल सुराणा ने जानकारी दी।

### रक्तदान शिविर आज

**उदयपुर**, (कासं)। शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट और सेवा उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को सहेली मार्ग स्थित एनसीसी मुख्यालय पर शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद मेजर मुस्तफा की जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर की तैयारी को लेकर मंगलवार को कलेक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल एवं एडिशनल एसपी गोपाल स्वरूप मेवाडा ने पोस्टर का विमोचन किया।

# विधायक माहेश्वरी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**राजसमंद**, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मंगलवार को क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजसमंद नगर परिषद क्षेत्र में निर्माणाधीन सभागार, ग्राम पीपली आचार्यान में सांसद निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा मोही पंचायत क्षेत्र में प्रगतिरत विकास कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, कार्यकारी अधिकरण के अधिकारी, संबंधित कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक ने कार्य स्थलों पर परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। पीपली आचार्यान में सांसद विकास निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का कार्य लंबे समय से रुका होने पर विधायक ने रोष व्यक्त किया एवं संबंधित विकास अधिकारी को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जिला खनिज प्रतिष्ठान से पीपली बाईपास, बडलिया से बस स्टैंड तक सडक निर्माण को शीघ्र स्वीकृति दिलाने तथा सोनियाणा से पीपली तक सडक निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने खेम सागर को अमृत सरोवर योजना में जोडने का आश्वासन भी दिया। पूर्बिया मोहल्ला में सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए 10 लाख रुपये तथा साडीवाल मोहल्ला में सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए 7 लाख रुपये की घोषणा की गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच महेश आचार्य ने विद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारंभ करने एवं बालिका विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र खोलने की मांग विधायक के समक्ष रखी। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, सम्पत नाथ, मण्डल उपाध्यक्ष लालूराम पूर्बीया, उप सरपंच मुकेश कुमावत, बूथ अध्यक्ष दीपक मेलाना, बाबूलाल सेन, बाबूलाल पूर्बिया, श्यामलाल टांक, मनीष आचार्य, कुंवर विनोद आचार्य, हरीश आचार्य, किशनलाल कुमावत सहित कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

राजसमंद के हाऊसिंग बोर्ड में निर्माणाधीन टाउनहॉल ( सभागार ) का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य पुर्ण करने के निर्देश देती विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

# नकबजनी करने वाले दो पकड़े

**उदयपुर**,(कासं)। सविना थाना पुलिस ने फ्लेट का ताला तोड़ कर नकबजनी करने के मामले में अन्तर्राज्यीय चोर गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीडित मुकेश निवासी पीपलखेड़ा डूंगला चित्तोड़गढ हॉल कृष्णांगन अपार्टमेंट बी ब्लॉक न्यू विद्यानगर सेक्टर 4 हिरणमगरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 20 मई को धुणीमाता मेरे ससुराल डबाक चले गए थे।

28 मई को मैं जयपुर चला गया था। 29 मई को ऑफिस स्टाफ जितेन्द्र सिरवी को फ्लेट देखने भेजा। 30 मई को दूध देने वाले रामलाल ने ताला टूआ होने की सूचना दी। इस पर पत्नी दीपिका को फ्लेट पर जाकर देखने भेजा।

जहां ताला टूटा होकर कमरों में सामान बिखरा पडा था एवं 40 लाख रूपये नकद, 37 तोला सोने के जेवरात गायब थे। प्रकरण दर्ज होने पर सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में एसआई अजयराजसिंह, एएसआई नवीन कुमार मय टीम ने आरोपी खडकसिंह उर्पु खगडसिंह पुत्र रमेश निवासरी भगोली टाण्डा धार एमपी, रमेश रम्मू रामु निवासी गुराड़िया टाण्डा एमपी को एमपी इन्दौर कारागृह से प्रोडक्शन वारंट जरिये गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से पांच लाख रूपये नकदी बरामद की। इस मामले में अब तक 20 लाख रूपये नकदी बरामद की जा चुकी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नांदेशमा
### पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:-33 दिनांक-12.5.2025

**-:ई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत नांदेशमा में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदेशमा में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु UBN No-ZUD2526WSOB00184 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत नान्देशमा
पं.स.सायरा,
जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नान्देशमा
पं.स.सायरा,
जिला-उदयपुर ( राज. )


## दो गिरफ्तार

**उदयपुर**,(कासं)।बाघपुरा थाना पुलिस ने सरकारी स्कूल से सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर गठित दल ने दो माह पूर्व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बारी का ताला तोड़ कर एलईडी टवी व सामान चोरी करने के मामले में चन्दु निवासी बारी बाघपुरा, प्रेम प्रकाश उर्फ पिरू निवासी बारी बाघपुरा को गिरफ्तार किया।

# केबल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर**,(कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने विद्युत मोटर, केबल व सामान चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर चोरी किया माल बरामद किया।

प्रकरण के अनुसार 8मई को सूचना मिली कि गोगुन्दा थानाक्षेत्र टोल नाका के समीप रहने वाले मोहनलाल पुत्र तुलसी राम तेली के खेत से ट्यूबवैल में लगी विद्युत मोटर व केबल, रस्सा, व अन्य सामान चोरी कर जीप में लेकर भाग रहे है। इस पर पुलिस ने पिछा कर जीव सवार लोग अंधेरा का फायदा उठा कर भाग गए। दूसरे दिन 9 मई को पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी चम्पा उर्फ चम्पाराम निवासी चाम्बुआ बैकरिया को गिरफ्तार किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कमोल
### पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:-24 दिनांक-12.5.2025

**-:ई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत कमोल में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमोल में दो कमरे निर्माण कार्य क्रमशः UBN No-ZUD2526WSOB00183 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत कमोल
पं.स.सायरा,
जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कमोल
पं.स.सायरा,
जिला-उदयपुर ( राज. )


## ऑपरेशन सिंदूर विजय तिलक दिवस मनाया

**उदयपुर**, (कासं)। भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल ऑपरेशन पर भारतीय सेनाओ की कुशलता के लिया श्री महावीर हनुमान मंदिर धूलकोट चौराहा पर आज भव्य आरती व सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पांच सौ से अधिक श्रद्धालुओं एव भक्तों ने भाग लेकर हनुमान जी से हमारे सैनिकों की लम्बी आयु की कामना की। हनुमान जी का प्रसंग जे तेही मारे, में तनु मारे वाले सिद्धांत पर भारत सरकार व प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की गई ।

# सरहद की सुरक्षा करने वाले सैनिकों के लिए पत्रकारों ने किया रक्तदान

**डूंगरपुर**, (निसं)। ज्येष्ठ माह की प्रथम तिथि को इस ब्रह्मांड के पहले सूचना वाहक नारद मुनि के प्राकट्ययोत्सव पर आज जिला पत्रकार कल्याण समिति की ओर से पत्रकारों का मेडिकल हेल्थ चेक शिविर हरिदेव जोशी जिला अस्पताल में आयोजित किया गया।

चिकित्सक अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर, उपाधीक्षक डॉ कौस्तुभ सिंह के मार्गदर्शन में पत्रकारों अपने परिवार के साथ स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे। जहां पर डॉ अभयसिंह के मार्गदर्शन में पत्रकार के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें डॉ रितिक पटेल, डॉ जय ने सहयोग किया।

उन्होंने पत्रकारों के कार्य के दौरान होने वाले स्ट्रेस और अन्य तकलीफों को समझते हुए मेडिकल लैब के लिए जांच लिखी। इसके बाद उनके ब्लड की विभिन्न जांच कराई गई। इसके अलावा वरिष्ठ कंपाउडर कौशिक टेलर, टेक्नीशियन दक्षा गौड़ ने ईसीजी के माध्यम से हृदय की जांच की। वही लैबोरेट्री सैम्पल कलेक्शन जितेंद्र यादव और विपुल अहारी ने सैम्पल लिए।

शिविर में 29 पत्रकार और उनके परिवारजन ने सैम्पल दिए। इसमें सीबीसी, क्रियटिनिन, लिपिड ब्लड प्रोफाइल सहित अन्य जांच कराई गई। इसके बाद पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जैसलमेंर, बाडमेर और फलौदी जिले की पाकिस्तान सीमा पर लगे सुरक्षा जवानों के लिए रक्तदान किया गया। देशभर में युद्ध के माहौल में राज्य सरकार की ओर से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी को ध्यान में रखते हुए पत्रकारों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए प्रभारी डॉ राजेश सरैया, डॉ रितुल राठौड, काउंसलर स्वागत लक्ष्मी चतुर्वेदी, पूनम राठौर, पुष्पा यादव, शिवलाल यादव, राज लोहार, गोपाल परमार, निखिल जैन, निलेश कुमार और अनिल त्यागी ने सहयोग किया। शिविर का आभार जिला पत्रकार कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष पुनीत चतुर्वेदी ने माना।

## बारिश से मौसम में घुली ठंडक

**उदयपुर**,(कासं)।लेकसिटी में मंगलवार की सुबह उमस भरी रही। हांलाकि दोपहर होते होते आसमान में बादल छा गए लेकिन उमस बढ़ने लोगों के पसीने छुट गए,लेकिन अपरान्ह साढ़े तीन बजे जम कर बरसे मेघो ने माहौल में ठण्डक घोल कर गर्मी से कुछ राहत दी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सोमवार को शहर के कई हिस्सों सहित पूरे जिले में कई जगहों पर बारिश का दौर देखने को मिला। सोमवार शाम को हुई बारिश के बाद कुछ समय के लिए मौसम में ठंडक आ गई लेकिन मंगलवार को उमस बढ़ गई। सोमवार देर शाम को बिना मौसम हुई बरसात की वजह से कई जगहों पर पानी भर गया। शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए तो वहीं ग्रामीण इलाकों में हुई तेज बारिश के बाद कई गांवो में खेतो में पानी भरने से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई। सोमवार को सुबह से ही बादल छाए रहे लेकिन शाम को हुई बारिश से भले ही कुछ देर के लिए गर्मी से राहत दी लेकिन अब किसानों को इस बात की चिंता सताए जा रही है कि आने वाले दिनों में तेज गर्मी नहीं होती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ढुण्डी
### पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:-30 दिनांक-12.5.2025

**-:ई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत ढुण्डी में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढुण्डी में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु UBN No-ZUD2526WSOB00182 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत ढुण्डी
पं.स.सायरा,
जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढुण्डी
पं.स.सायरा,
जिला-उदयपुर ( राज. )



कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल उदयपुर,वृत-उदयपुर
(RHB Office Building चारभुजा तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN
पत्र क्रमांक-उप.आ.आ./वृत-उदय/2024-25/106 दिनांक-13.5.2025 Registerd

**-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण ) :-**

आवास संख्या A-234 आयवर्ग EWS माप 46.35 वर्ग मीटर योजना दक्षिण विस्तार आवासीय योजना-बलिचा शहर उदयपुर का श्री दुर्गाराम पुत्र श्री दयाराम को आवंटन पत्र क्रमांक 1774 दिनांक 16.12.2011 जारी कर दिनांक 30.01.2013 को कब्जा दिया गया। श्री दुर्गाराम पुत्र श्री दयाराम ने उक्त आवास का बैचान श्री रामचन्द्र टेलर पुत्र श्री छोगालाल को किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1020 दिनांक 06.08.2015, श्री रामचन्द्र टेलर पुत्र श्री छोगालाल को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 24.08.2015 द्वारा श्री रामचन्द्र टेलर पुत्र श्री छोगालाल के पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री रामचन्द्र टेलर पुत्र श्री छोगालाल ने उक्त आवास का बेचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 25.08.2015 को श्रीमती रेणु जैन पत्नी श्री पंकज जैन को किया गया तथा श्रीमती रेणु जैन पत्नी श्री पंकज जैन ने उक्त आवास का बेचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 22.12.2015 को श्री अजय कुमार सनाढ्य पुत्र श्री विष्णुदत्त को किया गया। तत्पश्चात श्री अजय कुमार सनाढ्य पुत्र श्री विष्णुदत्त ने उक्त पुनः आवास का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) दिनांक 26.09.2024 द्वारा श्री नारायण लाल गुर्जर पुत्र श्री देवीलाल गुर्जर को किया गया। श्री नारायण लाल गुर्जर पुत्र श्री देवीलाल गुर्जर ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय-पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

श्री नारायण लाल गुर्जर पुत्र श्री देवीलाल गुर्जर ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या A-234, दक्षिण विस्तार आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री नारायण लाल गुर्जर पुत्र श्री देवीलाल गुर्जर के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-उदयपुर


## हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राजतालाब थाना पुलिस ने रंजीश के चलते एक परिवार को जान से मारने की नियत से कार चढा घायल करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी गंगाराम ने बताया कि गत 9 मई को राजु पुत्र नारायण बामनिया निवासी भापोर ने रिपोर्ट दी कि 8 मई की रात्रि उसके पिता नारायण किराणे की दुकान बंद कर घर आ रहे थे कि सामने से मुकेश पुत्र रकमा बामनिया निवासी भापोर कार में अपने साथी विनोद पुत्र रतना व सुनील पुत्र बहादुर के साथ आया और प्रार्थी के पिता की मोटर साईकिल को रोककर पुरानी रंजीश के चलते मारपीट की। इसी दौरान प्रार्थी के बड़े पापा कचरू व सुनील जो पास के मकान में रहते थे बीच बचाव करने आये तो मुकेश ने साथियों के साथ कार में बैठकर कार से मोटर साईकिल को टक्कर मार दी और जान से मारने की नियत से कार कचरू व अनिल पर चढ़ा दी जिससे कचरू को गंभीर चोटे आयी वहीं अनिल के हाथ व कुल्हे के पास चोटे लगी।

# ज्ञान, कला व नवाचार का उत्सव 23 से

**उदयपुर**, (कासं)। पेसिफिक अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित समर स्कूल 2025 का शुभारंभ 23 मई से होने जा रहा है। सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक चलने वाले इस साप्ताहिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 मई, 2025 है। समर स्कूल के तहत 19 भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों में से विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार किसी एक कार्यक्रम में स्वयं को ऑनलाइन या व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर रजिस्टर करवा सकता है। दसवीं, बारहवीं या ग्रेजुएशन उत्तीर्ण कोई भी विद्यार्थी समर स्कूल में भाग ले सकता है। पेसिफिक ग्रुप से राहुल अग्रवाल ने बताया कि कुछ नया सीखने और कौशल विकसित करने का विद्यार्थियों के लिए यह रोचक अवसर है। इसमें विद्यार्थी प्रायोगिक रुप से न केवल नए कौशल सीखेंगे, बल्कि अपनी रचनात्मकता और व्यक्तित्व को भी निखारेंगे। पेसिफिक समूह के सीईओ शरद कोठारी के अनुसार पेसिफिक हमेशा से नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह ग्रीष्मकालीन स्कूल इसी दिशा में एक और कदम है। इसके अंतर्गत हर कार्यक्रम को इस तरह डिज़ाइन किया है कि प्रतिभागियों को सीखने के साथ-साथ आनंद भी आए। पेसिफिक शिक्षा समूह के पेट्रन प्रो. बी.पी शर्मा ने कहा कि यह ग्रीष्मकालीन शिविर सीखने, खेलने और बढ़ने का एक अद्भुत मिश्रण है, जो विद्यार्थी को जीवनभर याद रहेगा। हर कोर्स में इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। गर्मी की छुट्टियों को प्रोडक्टिव तरीके से बिताने का यह सार्थक मौका है। पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट प्रो. हेमंत कोठारी ने उल्लेख किया कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी समझ, रचनात्मक पाक कला, पब्लिक स्पीकिंग और कम्युनिकेशन स्किल्स, ज्वेलरी मेकिंग, योगा, फायर सेफ्टी एंड इमरजेंसी रिस्पॉन्स ट्रेनिंग, शूटिंग, मैथ्स तकनीक, प्रायोगिक जर्नलिज्म, विधिक ज्ञान इत्यादि विषयों पर पृथक-पृथक समर स्कूल रहेंगे।

# डूंगरपुर जिले के तालाबों को जनभागीदारी से स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे : कलक्टर

**डूंगरपुर**, (निसं)। डूंगरपुर जिले की समस्त पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत में बने हुए तालाबों का रखरखाव, अतिक्रमण मुक्त और उचित साफ-सफाई रखने संबंधित अभियान प्रारंभ किए जाने को लेकर डूंगरपुर जिला प्रशासन के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर सिंह ने कहा कि जल का संरक्षण और संवर्धन किया जाना हम सभी का प्रथम दायित्व है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस विषय पर अत्यंत गंभीर है और इस जनजाति अंचल के निवासियों की पेयजल से जुड़ी समस्याओं और जल स्त्रोत संरक्षण से संबंधित सभी घटक पर कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी 16 मई से डूंगरपुर जिले की सभी 12 पंचायत समिति में 10-10 ग्राम पंचायत के तालाबों का चयन कर तालाब सफाई अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत तालाब की भराव क्षमता, उचित साफ-सफाई, सफाई के दौरान निकलने वाला कचरा, सफाई कार्य में नियोजित श्रमिक संख्या, तालाब जल आवक मार्ग से अवरोध हटाना, तालाब में डीसिल्टिंग करना, अतिक्रमण मुक्ति और तालाब के घाट पर मरम्मत, रंगाई पुताई आदि कार्य किए जाएंगे। सभी कार्यों की जियो लोकेशन टैगिंग भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इन सभी चयनित तालाबों पर स्थानीय जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी तथा उच्च स्तरीय मशीन संसाधन आदि का प्रबंध करते हुए तालाब सफाई अभियान के सभी लक्ष्य आगामी एक महीने में प्राप्त किए जाएंगे। बैठक में गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए तालाब वहां के निवासियों के लिए पेयजल का प्रमुख स्त्रोत होते हैं इसके साथ ही गांव के पशु पक्षी और मवेशियों के लिए भी पीने के पानी का एकमात्र सहारा होते हैं तथा कृषि में भी सहायक होते है। उन्होंने कहा कि गांवों के तालाब हमारे पर्यावरण और समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उनकी देखभाल और साफ-सफाई करना हम सबकी जिम्मेदारी है और इसी लक्ष्य को लेकर हम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन स्वस्थ राजस्थान और जल युक्त राजस्थान को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के सरकारी आंकड़ों के आधार पर यह माना जा सकता है कि डूंगरपुर जिले में भूजल स्तर कम हो रहा है एवं धरती के पानी के टीडीएस स्तर भी वृद्धि हो रही है। इसकी रोकथाम के लिए जल संरक्षण तकनीक को लागू करना बहुत आवश्यक है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी राठौड ने बताया कि पंचायत समिति सागवाड़ा की ग्राम पंचायत घोड़ा फला, पाडला हांडलिया, वामसा, ओड, गड़ा झुमझी, टामटिया, वगेरी, पारडा सरोदा, बडगामा और कराड़ा, पंचायत समिति गलियाकोट की ग्राम पंचायत फोफलीबोर, घाटा का गांव, डैयाना, नादिया, बाबा की बार, भेमई, रातडिया और लिंबडिया, पंचायत समिति सीमलवाडा की ग्राम पंचायत निठाउवा, पीठ, झलाई, डूंका, धम्बोला, मेवडा, सरथुना, साकरसी, सादडिया और सीमलवाड़ा, पंचायत समिति चिखली की ग्राम पंचायत कुआं, उदडिया, चिखली, माला खोलडा, डुंगर सारण, धनगांव, पुनवाडा, बोडामली, सेंडोला और साकोदरा, पंचायत समिति झौंथरी की ग्राम पंचायत भींडा, रेंटा, रागेला, करावाडा, गैंजी, करावाडा, गंधवा, लाडसौर, चारवाडा, झौंथरी और पोहरी खातुरात, पंचायत समिति डुंगरपुर की ग्राम पंचायत गडा मौरेया, पगारा, पाल गामडी, खेडा आसपुर, रायकी और भेवडी, पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत भाडगा, तालोरा, टेकला, सागोट, नांदली सागोरा, रिंछा, साबला, पिण्डावल, भाटोली और वणवासा में तालाब सफाई अभियान प्रारंभ किया जाएगा।


भारत सरकार
## जनजातीय कार्य मंत्रालय
### छात्रवृत्ति अनुभाग

**चयन वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के उ**
**हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओ**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लि
जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओ
ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी
डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने
छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्याः 20
इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/
ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल
से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक) खुला रहेगा।
अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते
overseas.tribal.gov.in/

CBC 43101/11/0007/2526



सत्यमेव जयते

## केंद्रीय हिंदी निदेशालय
### शिक्षा मंत्रालय
### प्रवेश सूचना : 2025-26
**पत्राचार माध्यम से हिंदी सीखें**

हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम में पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है। शुल्कः ऑनलाइन डिजिटल मोड/आई.पी.ओ / बैंक ड्राफ्ट द्वारा

| पाठ्यक्रम | शुल्क | |
|---|---|---|
| | भारतीय मुद्रा में | विदेशी मुद्रा में |
| सर्टिफिकेट / डिप्लोमा | रुपये 50/- | $ 50 या समतुल्य |
| एडवांस डिप्लोमा | रुपये 200/- | $ 2000 या समतुल्य |

- शुल्क राशि निदेशक केंद्रीय हिंदी निदेशालय को देय है।
- **आवेदन प्रक्रिया** : विस्तृत विवरण के लिए www.chd.education.gov.in वेबसाइट पर लॉग ऑन करें।
- अधिक जानकारी के लिए कृपया ccchdadmission@gmail.com ई-मेल करें।
- आवेदन की अंतिम तिथि-31/07/25

CBC 21252/11/0001/2526